आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 8 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी जोर पकड़ लिया है और भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से वोट मांग रहे हैं। इस दौरान एक–दूसरे पर आरोप व प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है।

आरट्रैक

लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा ने शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान–आरट्रैक के 25वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन– चीफ के रूप में पदभार संभाल लिया है। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा मेयो कॉलेज–अजमेर, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के छात्र रहे हैं, उनको 19 दिसंबर, 1987 को द सिंध हॉर्स में नियुक्त किया गया था। वह प्रतिष्ठित ''स्वोर्ड ऑफ ऑनर'' पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं। अपनी वर्तमान भूमिका से पहले, वह पश्चिमी कमान मुख्यालय में चीफ ऑफ स्टाफ थे। लगभग चार दशकों के करियर में, जनरल शर्मा संवेदनशील परिचालन क्षेत्रों, आतंकवाद विरोधी अभियान और अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में प्रमुख कमांड में तैनात रहे हैं। उन्होंने द सिंध हॉर्स, स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक बख्तरबंद ब्रिगेड, एक इन्फैंट्री डिवीजन और पश्चिमी मोर्चे पर एक कोर की कमान भी संभाली है।

एनटीए

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव वप्रतिक्रिया मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की संरचना व कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। सुझाव 7 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिनों के दौरान मानसून की वर्षा में कुछ कमी आई है। वर्षा के हल्के दौर से उमस ने एक बार फिर लोगों की परेशानियां भी बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग की मानें तो 4 जुलाई तक प्रदेश में हल्की वर्षा के आसार हैं और 5 जुलाई से मानसून के सक्रिय होने का पूर्वानुमान है। विभाग ने 7 जुलाई तक अधिकांश क्षेत्रों में व्यापक वर्षा की संभावना

जताई है। हालांकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का भी समाचार है। पिछले 24 घंटों के दौरान हमीरपुर के चौरी में 64 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है जबकि भुंतर का अधिकतम तापमान 36 दशमलव 6 और बिलासपुर का अधिकतम तापमान 36 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों पर्यटन सीज़न अपने योवन पर है। चंबा जिले में बाहरी राज्यों से रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक खजियार सहित डलहौजी व साच–पास की खूबसूरत वादियों को निहार रहे हैं। जिला प्रशासन ने पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई कदम उठाए हैं और बेहतर ट्रैफिक प्लान के साथ ही मौसम के मिजाज को देखते हुए साचपास पर शाम के समय न जाने की हिदायत भी दी है।

अमरनाथ यात्रा

पवित्र श्री अमरनाथ जी की यात्रा धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ जारी है। 6 हजार 5 सौ 37 श्रद्धालुओं का 5वां जत्था पवित्र अमरनाथ जी गुफा के दर्शन के लिए जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु आज सुबह दौ सौ 61 के समूह में आधार शिविर से रवाना हुए। इनमें पांच हजार 91 पुरुष, एक हजार एक सौ दो महिलाएं, 19 बच्चे, तीन सौ एक साधु और 24 साध्वियां शामिल थीं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है बागवानों को राहत– 3 रूपए 50 पैसे से 7 रूपए 50 पैसे तक सस्ता मिलेगा कार्टन–एचपीएमसी ने तय किए दाम। दैनिक भास्कर का शीर्षक है प्रदेश में यूनिवर्सल कार्टन के रेट तय, बागवानों को 47 से लेकर 56 रूपए तक मिलेंगे सेब कार्टन।

प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से दिव्य हिमाचल ने शीर्षक दिया है शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा रद्द। पंजाब केसरी के शब्द हैं हाईकोर्ट ने रद्द की पीएचडी प्रवेश परीक्षा। दैनिक भास्कर के अनुसार यूजीसी के नियमों के खिलाफ करवाई गई पीएचडी फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा रद्द।

आपका फैसला बकौल मुख्यमंत्री लिखता है पूर्व विधायक की नीयत में लालच, इसलिए बिके।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है कर्ज के जाल में फंसी हिमाचली अर्थव्यवस्था में दम घुटने की नौबत।

दैनिक जागरण लोक निर्माण मंत्री के हवाले से लिखता है जलोड़ी–जोत सुरंग का रास्ता साफ–केंद्र से स्वीकृति के बाद प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी के लिए 20 करोड़ रूपए जारी।

मौसम पर अमर उजाला के शब्द हैं हिमाचल में थमा बारिश का दौर, उमस ने बढ़ाई परेशानी। दैनिक भास्कर का कहना है चार जिलों में मानसून की सक्रियता, 6, 7 जुलाई को मानसून के साथ डब्ल्यूडी हो रहा एक्टिव।